भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1014

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

सुरंग परियोजनाएं

1014 डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:
श्री संजय काका पाटील:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में आरंभ की जा रही नई सुरंग परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) इन परियोजनाओं के लिए आबंटित बजट का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। रारा पर कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों के तहत सुरंग परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)-वार विवरण अनुबंध में संलग्न है।

(ख) परियोजनाओं में किसी विशेष वर्ष में मूल्यांकन किए गए व्यय के आधार पर, प्रशासनिक क्षेत्र इकाइयों को आवंटन किया जाता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरंग परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए आवश्यकता के अनुसार निधि उपलब्ध कराई जाती है। सुरंग परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों में भूगर्भीय अस्थिरता, भू-जल विज्ञान स्थितियों में व्यापक भिन्नता, स्थल तक सीमित पहुंच, अधिक ऊंचाई पर काम करने की कठिन परिस्थिति आदि शामिल हैं।

अनुबंध

'सुरंग परियोजनाओं' के संबंध में डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती और श्री संजय काका पाटील द्वारा पूछे गए दिनांक 08.02.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1014 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों के तहत सुरंग परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण : -

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**सुरंग परियोजनाएं बोली चरण में**		**निर्माणाधीन सुरंग परियोजनाएँ**	
		परियोजनाओं की संख्या	**सुरंगों की कुल लंबाई (किमी)**	**परियोजनाओं की संख्या**	**सुरंगों की कुल लंबाई (किमी)**
1	आंध्र प्रदेश	0	0	5	5.32
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0	1	2.58
3	छत्तीसगढ़	0	0	1	2.79
4	दिल्ली	0	0	1	3.6
5	हिमाचल प्रदेश	2	7.6	8	22.97
6	जम्मू और कश्मीर	3	19.50	12	38.04
7	मध्य प्रदेश	0	0	2	0.78
8	महाराष्ट्र	0	0	3	7.15
9	मिजोरम	1	2.5	0	0
10	नागालैंड	0	0	1	0.5
11	ओडिशा	0	0	2	6.29
12	राजस्थान	0	0	1	4.89
13	सिक्किम	0	0	1	0.3
14	उत्तराखंड	0	0	3	5.80
	कुल	**6**	**29.60**	**41**	**101.01**

*****